प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

01.11.2024/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे

"मुख्य समाचार"

- केन्द्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन के लिए जारी किए दिशानिर्देश–अगले 2 वर्ष में साढ़े 14 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध करवाए जाएंगे ड्रोन।
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस कांस्टेबल के एक हजार 88 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की तिथि 12 नवम्बर तक बढ़ी।
- रेल टिकटों क अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू–अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ 20 से घटाकर 60 दिन की गई।
- विश्वकर्मा दिवस पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित– औज़ारों व मशीनरी का किया गया पूजन।

नमो ड्रोन दीदी

केन्द्र सरकार ने केंद्रीय योजना नमो ड्रोन दीदी के संचालन के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक हजार दो सौ 61 करोड़ रूपये के योजना खर्च से इस केंद्रीय योजना को स्वीकृति दी थी। इस योजना में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाते हैं। योजना में 2024–25 से 2025–26 तक के लिए 14 हजार पांच सौ चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। दिशानिर्देशों के अनुसार नमो ड्रोन दीदी योजना केंद्रीय स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति संचालित करेगी। इस समिति में कृषि और किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और उर्वरक विभाग के सचिव शामिल होंगे। ड्रोन और उसके उपकरणों की लागत का अस्सी प्रतिशत हिस्सा महिला स्वयं सेवा सहायता समूहों को दिया जाएगा, जिससे वे ड्रोन खरीद सकेंगे। इस सहायता की अधिकतम राशि आठ लाख रूपये है। स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर स्तर के संगठन शेष राशि को राष्ट्रीय कृषि अवसंरचना वित्तीय सुविधा के अंतर्गत ऋण के रूप में जुटाएंगे। महिला स्वयं सहायता समूह के किसी एक सदस्य को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पुलिस भर्ती

राज्य सरकार ने पुलिस भर्ती की आवेदन तिथि को बढ़ाकर 12 नवम्बर कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने युवाओं के हित में ये निर्णय लिया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि पिछले लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने रोजगार के 31 हजार से अधिक पद सृजित किए हैं और पुलिस विभाग में एक हजार 88 पदों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। पुलिस विभाग में महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण दिया गया है और इन पदों में से महिला कांस्टेबल के लिए 3 सौ 80 पद आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा कांस्टेबल भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट दी गई है। इस निर्णय से अब सामान्य वर्ग के लिए आयु सीमा 18 से 26 वर्ष और आरक्षित वर्गों के लिए 18 से 28 वर्ष तय की गई है। होमगार्ड के जवान 20 से 29 वर्ष की आयु तक पुलिस कांस्टेबल की भर्ती के लिए पात्र होंगे।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिले में सीमा सड़क संगठन के श्रमिकों को आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उनके कल्याण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आज नाको पंचायत में इंटक के तहत सीमा सड़क संगठन के श्रमिकों के लिए आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जगत सिंह नेगी ने कहा

कि राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है और इनके लिए समावेशी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जनजातीय विकास मंत्री ने कहा कि राज्य कामगार कल्याण बोर्ड श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान कर रहा है और दुर्घटना व विकलांगता की स्थिति और गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता दी जा रही है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि श्रमिकों के उत्थान को लेकर राज्य सरकार केन्द्र को प्रस्ताव भेजेगी और सर्वोच्च न्यायालय में भी उनके हितों की पैरवी की जाएगी।

<u>मांडविया–युवा पुरस्कारर</u>

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने युवाओं से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022–23 के लिए आवेदन करने का आह्वान किया है। इच्छुक युवा आज से 15 नवम्बर तक केन्द्रीय गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकते हैं। ये पुरस्कार 15 से 29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों और संगठनों को विकास व समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन क्षेत्रो में स्वास्थ्य, मानवाधिकार प्रोत्साहन, सक्रिय नागरिकता और समुदाय सेवा शामिल है। पुरस्कार के रूप में व्यक्ति को पदक, प्रमाण–पत्र व एक लाख रूपये नकद और संगठन के मामले में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते हैं। मनसुख मांडविया ने कहा कि ये पुरस्कार केवल अंलकरण मात्र नहीं हैं, बल्कि प्रगतिशील और समावेशी भारत को मजबूत बनाने में युवा नेतृत्व का सम्मान हैं।

<u>धामी– पत्थर मेला</u>

शिमला ग्रामीण के धामी में आज पारम्परिक पत्थर मेले का आयोजन किया गया। पौराणिक कथा के अनुसार ये मेला दीपावली के अगले दिन खेला जाता है और दो समुदायों के बीच पत्थरों की बरसात होती है। आज भी ये सिलसिला तब तक जारी रहा जब तक एक पक्ष का कोई व्यक्ति लहुलुहान नहीं हुआ। मान्यता के अनुसार धामी रियासत की रानी ने सती होने से पहले नर बलि को बंद करने का हुकुम दिया था और इसके बाद पशु बलि शुरू हुई लेकिन बाद में पशु बलि को बंद कर इसे पत्थर मेले का नाम दिया गया।

<u>रेलवे</u>

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ 20 दिन से घटाकर 60 दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष 31 अक्टूबर तक किए गए सभी आरक्षित टिकट बरकरार रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट जारी किए जा सकेंगे। मंत्रालय ने बताया कि 61 से एक सौ 20 दिन की अवधि में कराए गए आरक्षण के 21 प्रतिशत टिकट रद्द करवा दिए जाते हैं। मंत्रालय ने बताया कि विदेशी पर्यटकों के लिए 3 सौ 65 दिन के अग्रिम आरक्षण के प्रावधान में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

<u>विश्वकर्मा</u>

विश्वकर्मा दिवस पर आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा और औजारों व मशीनरी की पूजा अर्चना की गई। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण व सृजन का देवता और सृष्टि का पहला इंजीनियर माना जाता है। इस दिन औजारों की साफ–सफाई करने के बाद इनकी पूजा–अर्चना होती है। शिमला के रूलदुभट्टा में भी विश्वकर्मा सभा ने कार्यक्रम का आयोजन कर औजारों का पूजन किया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया।

<u>केवल सिंह पठानिया</u>

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार पारदर्शी शासन और कर्मचारी हित की पहचान वाली सरकार बन गई है। उन्होंने कहा कि अपने छोटे से कार्यकाल में वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों व पैंशनरों के हित में कई एतिहासिक निर्णय लिए हैं और पुरानी पैंशन योजना बहाल करना

भी इनमें से एक है। पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की 4 फीसदी किश्त देने की घोषणा की है जिससे एक लाख 80 हजार कर्मचारी और एक लाख 70 हजार पैंशनर लाभान्वित होंगे।

मतदाता सूचियां

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूचियों में नए मतदाताओं के नाम दर्ज करने और अशुद्धियों को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने बताया कि दावे व आक्षेप और निशुल्क निरीक्षण का कार्य 28 नवम्बर तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पहली अक्तूबर तक 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके युवा मतदाता सूचियों में अपने नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 9, 10, 23 और 24 नवम्बर को शनिवार व रविवार के दिन विशेष अभियान दिवस तय किए गए हैं।

आग

चम्बा जिले में भरमौर क्षेत्र की गरोला पंचायत के ककरी और स्वाई गांव में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। इस अग्निकांड में तीन मंजिला मकान, अनेक गौशालाएं और मवेशियों के जलने का समाचार है। विधायक जनकराज ने प्रभावितों को फौरी राहत देने और राहत व बचाव कार्यों में तेजी लाने के प्रशासन को निर्देश दिए हैं।

जवाहर नवोदय

कांगड़ा जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए नौवीं व 11वीं कक्षा की खाली सीटों पर ऑनलाईन आवेदन की तिथि 9 नवम्बर तक बढ़ा दी गई है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि किन्हीं कारणों से वंचित रहे अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ये निर्णय लिया गया है।

' मुख्य समाचार एक बार फिर'

- केन्द्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन के लिए जारी किए दिशानिर्देश–अगले 2 वर्ष में साढ़े 14 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध करवाए जाएंगे ड्रोन।
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस कांस्टेबल के एक हजार 88 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की तिथि 12 नवम्बर तक बढ़ी।
- रेल टिकटों क अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू–अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ 20 से घटाकर 60 दिन की गई।
- विश्वकर्मा दिवस पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित– औज़ारों व मशीनरी का किया गया पूजन।